nay. This is the ;roup of people who want some sort of publicity. We should not show an *f* sympathy to this organisation. Shri Jha was saying...

SHRI SADASHIV BAGAITKAR: It is no use corroborat ng whatever information I have. My question is as to whether the Maharashtra Government had any previous information regarding his activities. Mr Shingre is not an unknown person in Bombay. He is a known person. What was the report of he Maharashtra Government and w.iy no preventive action was taken ajainst him? I also mentioned that he had certain high level links with Congress (I) activities.

SHRI NIHAR RANJAN LASKAR: I have detailed infc miation about the nature of this man and I have given it to the House, /bout his political affiliations, I have some information. Shri Shingre is a :>ad character and an opportunist. He took part in political agitation to achieve his own ends. From 1977 0 1979, he was a staunch supporter If Janata Party. During the last Lok Sabha election in January, 1980, he formed an anti-Indira front and pledged support to Chaudhury Char in Singh against Congress (I). Th's is the nature of this man. Therefore, he should not be given any putlicity. (Interruptions) Please don't distrub me. I have given the answer.

SHRI SADASH V BAGAITKAR: He has made no mention as to why the Maharashtra Government failed to apprehend hhr.. What was the C. I. D. or the C. B. I. doing?

SHRI NIHAR RANJAN LASKAR: Mr. Jha has put a question whether any financial assistance is given to this sort of people who died in poljce firing. As a matter of rule, no relief is given t« cases where the persons are kille I in mob violence. This is the position. And another Hon'ble Member was asking about the special courts. There is nothing like that. It is the responsibility of the State Government and they are looking into it. Such incidents never happened earlier. Sometimes if such incidents happen, the police will take care of the situation.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: What is contained in that pamphlet? Am I to understand...

SHRI NIHAR RANJAN LASKAR: Why do you again go into it. I am appealing to you. Don't give more publicity to this sort of people. We have got the material with us.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Am I to understand that this pamphlet contained something serious and you are not disclosing it?

SHRI NIHAR RANJAN LASKAR: I have given the clarification.

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला] : माथुर साहब, उन्होंने क्लैरिफिकेशन दे दिया है। इतना बड़ा कागज है। जो सवाल आपने किये हैं, उनका जवाब उन्होंने दे दिया है।

Now, we go back to the Motion and the Statutory Resolution—Shri Handi. que.

**(I) MOTION SEEKING REVOCATION OF THE PROCLAMATION ISSUED BY THE PRESIDENT ON THE 19TH MARCH, 1982 IN RELATION TO THE STATE OFASSAM—CONTD.**

**(II) STATUTORY RESOLUTION SEEKING APPROVAL OF THE PROCLAMATION ISSUED BY THE PRESIDENT ON HE 19TH MARCH, 1F83 IN RELATION TO THE STATE OF ASSAM— CONTD.**

SHRI BIJOY KRISHNA HANDIQUE: Madam, I am afraid, I have lost " the track.

THE VICE-CHAIRMAN [DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA]: It is a long distance from Assam to Bombay.

SHRI BIJOY KRISHNA HANDIQUE: Yes, we have covered the whole country...

SHRI V. GOPALSAMY: (Tamil Nadu): Particularly when you are sitting in the Chair.

SHRI BIJOY KRUSHNA HANDIQUE: At the time of formation of the Ministry, Mr. Gogoi submitted a list of 63 members. After that, it so happened and we have reasons to suspect that some of the Members might have lent their support to both the sides. That may be true. And you know, Madam, the episode of the fall of the Morarji Desai Government. If you recall those days, this is not a very uncommon thing. So, what can the Governor do or for that matter what can we do? If some Members lend support to us, and in their wisdom choose to leave us, having reduced us to a minority, what can we do? So, the right course for the Governor was to call upon the Opposition alliance to parade their members. Madam, why was this fact never raised? This fact has been very conveniently forgotten to be mentioned. It has not been mentioned and very conveniently. And I say with all my responsibility and I challenge to be contracted on this. *(.Interruptions')* Everybody is trying to blame the Governor because no one wants the truth to come out. The Governor called upon the Opposition parties to parade their members because of this confusion. Not only that, I can give you this information. When he thought that the Raj Bhavan was too small to accommodate 63 members, he asked them to collect at the Circuit House. And do you know, Madam, how many Members turned up? There were only 12 members, yes, not more than a down members were there. So, what can he do? And the same day, in the evening, Madam, he called upon Mr. Gogoi to from a Ministry. And how will you blame the Governor for this? Madam, this Short history of Minitry-making erer-cises during the last four years and the criticism levelled against us hy the hon. Member from the other side, brought into focus a few interesting points: First, if you call it a minority Government at all, the precedent was set not by us but by the Janata Party which has now turned a bitter critic of the Ministry, the very concept of minority Govern-ment. Sacondly. Madam, the word horse-trading is being too often heard. May I pose this straight question:

When the first Ministry was formed by Janata, by making five Members to defect, as I stated earlier, what sort if horse-trading was it? And what about the present case of Kerala? When a Member from the Congress (I) left uc and defected to the other party, making the Government topple, was it not horse-trading? Or, do they mean to say that we do the horse-trading with money and they do the horse-trading with sermons? j. pose this question to them. Madam, so far as the question of horse-trading is concerned, this nation still remembers the worst antics of horse-trading when Mr. Morarji Desai's Government was going, going and gone.

Madam, the third point which came to light in the short history of the Ministry-making exercise of Assam is that the Governor is entrusted with a great responsibility. He has to convince himself that the Ministry will be stable. He made definite queries whether all the national parties of this alliance would participate in the Ministry. Madam, let us look at the break-up of the parties, which is Janata—27, the CPM —11, the CPI—6, the RCPI—4 and the SUCI—2. These 52 Members were not willing to participate in the Ministry. And only Congress (S)—3,

the BJP—1, and t te Lok Dal—1 and six independent ^ embers expressed their willingness t > participate in the Ministry. Of the ;e six independent members, most of hem were doubtful. Most of them lei t their support to both the sides. I do not know how my hon. friend, Mr. Goswami, says that all the natioi al parties wrote to the Governor expi sssing their willingness to participate in the Government. I would like to clieck it again.

SHRI BIPINPAL DAS: It is not. *(Interuptions)*

SHRI BIJOY KRISHNA HANDIQUE; Is it not a mockery of Parliamentary democratic process to have a Ministry with Those few and some doubtful member;.-, with those who have no affinity ideologically or otherwise? What prospect of stability is there? When th, Governor makes the assessment, 1 is foremost concern is whether or rot this Government will be stable an I viable. *(Interruptions)* The fore nost concern of the Governor will be to see that when a Ministry is formi d, whether that will be viable and s'able. That must be his foremost concern. And, we have, Madam, the sad experience of Government run the-administration by a conglomeration of parties. The Janata Party had mainly four parties, and this democratic left alliance has 10 parties. You can well imagine what sort of v ability and stability this Governmen would give to us.

With these observations, Madam, I oppose this Mo ion moved by my friend, Mr. Dinesh Goswami, and support the Statutory Resolution moved by the ton. Home Ministry.

SHRI SANTOSH MITRA (West Bengal): Madam, Vice-Chairman, I support the motion moved by my friend, Shri Dinesh Goswami, and oppose the motion moved by the hon. Home Minister. The dissolution of the Assembly has happened at a time when all the methods of manoeuvring including horse-trading of members have been exhausted by the Congress (I) party.

Madam, I o .serve in our country constitutional ; iropriety is not being maintained. The deviation from the accepted principles of democratic process is made to suit the Congress (I) ruling party at the Centre. That is the reason why this dissolution of Assembly has taken place. The manoeuvres of the ruling party to prevent the majority party from forming the Ministry and to foist a minority Government in the State of Assam will remain one of the ugliest chapters in the annals of the history of Government assault on the Constitution. The Congress-I ruling party was in a minority; they wanted to rule but they did not have the majority, and they did not want the majority to rule. To achieve this objective, Article 356 has been invoked ad *infinitum.* Thus, the sanctity and the authority of the Governor's office has been undermined and sullied. Madam Vice-Chairman, the office of the Governor has been consistently abused to provide defections, to deny the majority the constitutional right of forming a Ministry, to manipulate a majority in the Congress-I and even to canvass support for a particular section in the Congress-I. Madam, the Governor adopted double standards. When the Left Democratic Front claimed its majority, the Governor put certain conditions. What were the conditions? The conditions were: That the members of the opposition should give their consent and their acceptance of the leader; number two: Statement that the parties which combine Will participate in the Ministry; and number three; individual letters from the members of the regional parties and independents expressing their support to the Left Democratic Front. These three conditions were laid down. But in the case of the Congress-I Ministry, did the Governor ever ask Mr. Gogoi to fulfil these conditions? Even when the Left Democratic Front fulfilled these conditions and submitted all documents, the Governor tried to ! quibble and take recourse to tortuous path and lastly he disappeared from Gauhati to avoid the opposition members. So, I would say he maintained double standards. Not only at the

(Shri Santosh Mitra] time of Gogoi Ministry, but at the time of Taimur Ministry who was inducted into the office when Congress. I was not a majority party and the majority strength of the party was not proved in the Assembly, the Governor never asked Taimur Ministry about the strength of the Congress party. So the Governor maintained a double gtandar^ and it is an ominous sign on our democracy.

I want to ask as to why were *&\l* the conditions stipulated by the Governor for the opposition. Did the Governor ask Mr. Gogoi to fulfil those conditions to convince him that he lias the support of the majority in the Assembly? Did he a=k Mr. Gogoi to produce letters of support from other parties and individuals or statements of members accepting Mr. Gogoi as the leader? If he had only one uniform standard, he would not have asked the opposition to produce all that.

I want to put my observations about Parliamentary democracy in the country, Assam is **not** an isolated place; what is happening in Kerala? What is happening in West Bengal and what happened in Garhwal elections. These all are the symptoms of the same thing, that is, Congress-I is driving towards authoritarianism and in the name of democracy, the Congress-! party is out to destroy Parliamentary democracy in our country.

**डा० रफीक जकरीया** (महाराष्ट्र) : हर सब्जैक्ट पर बोलियेगा ... (**व्यवधान**)

**श्री सदाशिव बागाईतकर** : आपको क्या मतलब हम क्या बोलते हैं।

मैडम वाइस-चेयरमैन, आसाम के बारे में जो ब्यौरे मेरे मित्रों ने सदन में रखे हैं, उससे मैं समझता हूं कि अब निष्कर्ष निकालने का ही काम बाकी है। एक निष्कर्ष निकाला है हमारे मित्र श्री विपिनपाल जी ने जो अभी सदन में नहीं है। उन्होंने अपने सारे भाषण में सब चीजों का बखान किया लेकिन जो एक अहम चीज थी, जिसका जवाब सरकार को और उनको देना चाहिये, वह यह थी कि गवर्नर ने लेफ्ट डेमोक्रेटिक एलायंस के सदस्यों के लिये जो शर्तें रखी थीं, वे उन्होंने पूरी कीं ? उन्होंने उनको मिलने के लिये समय दिया और समय देने के बाद उन्होंने अपना मुंह छिपा लिया और वे लापता हो गये। मैं समझता हूं कि यह बहुत ही घृणास्पद काम है, किसी पब्लिक सर्वेंट के लिये और अगर गवर्नर जैसे लोग इसी तरह से काम करेंगे तो गवर्नर को गवर्नर कहने के बजाय पटवारी कहना ज्यादा ठीक होगा। इतना हल्का काम गवर्नर ने किया। जो बयान मित्रों ने दिये हैं उनको सुनकर मुझे लगता है कि जो सत्यमेव जयते लिखा है, उसको निकाला जाये। दिन-दहाड़े आप झूठ का सहारा लेते हैं। गवर्नर से लेकर आपके स्पोक्समैन तक सदन में झूठे आंकड़े देंगे, झूठी तारीफें करेंगे ? मैं पूछना चाहता हूं कि क्या यह हकीकत नहीं है, असेम्बलीज का रिकार्ड झूठा हो सकता है ? जिस दिन अविश्वास का प्रस्ताव पेश हुआ, उस दिन उसके समर्थन में 61 सदस्य असेम्बली में खड़े थे। जब कि हाउस की इफैक्टिव स्ट्रैंग्थ 118 है। 118 में 61 लोग खड़े हो गये, समर्थन में, यह अगर हकीकत है, आसाम में तो मैं सरकार से यह कहना चाहूंगा कि उसी दिन आसाम में सरकार का पतन हो गया था, 118 के हाउस में 61 लोग खड़े हो गये, अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में और इसी हकीकत को मानकर आगे की कार्रवाई सरकार ने, वहां के गवर्नर ने की। इसलिये मुझे ऐसा लगता है कि अब सरकार तुली हुई है, जो मेरे मित्र सुकुल जी ने फर्माया अगर उसी रास्ते पर उनको जाना है तो भले जायें...

**एक माननीय सदस्य** : कौन-सा रास्ता।

**श्री सदाशिव बागाईतकर** : जो आपने फरमाया कि राष्ट्रपति शासन प्रणाली हो। यह जो आपने यहां बयान किया, औरों के मन की जो बात बताई, औरों में शायद हिम्मत नहीं है, आपमें हिम्मत है। हम आपको बधाई देते है कि छुपी हुई तरह से कहने की बजाय आपने खुले आम सदन को बताया कि राष्ट्रपति शासन प्रणाली ही देश में एक व्यवस्था हो सकती है। यह जो आपने कहा, इसके लिये आप बधाई के पात्र हैं कि आपने हिम्मत के साथ बात को खोल दिया। मैं समझता हूं कि सरकार अगर इसी रास्ते पर चलना चाहती है तो सरकार देश के अंदर गृह युद्ध का बीज बो रही है, यह मैं सरकार को साफ कहना चाहता हूं। इस तरह से संविधान के साथ आप खिलवाड़ करेंगे, इस तरह से डेमोक्रेटिक ट्रेडीशन्स को आप तोड़ देंगे तो यहां क्या आप डल्हौजी की वह परम्परा चलाना चाहते हैं जो उसने लैप्स आफ प्रिंसीपल्स, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के जमाने में यहां कायम की और लैप्स आफ प्रिंसीपल्स को लेकर एक एक देशी रियासत को खाली किया। अगर उस पैरामाऊंसी को लेकर चल रहे हैं; क्योंकि केन्द्र में आपकी मेजारिटी है तो क्या संविधान का यह मतलब है कि आपकी मेजारिटी है, इसीलिये और किसी राज्य में भी और किस दल को, कानून और संविधान के अंदर रहते हुए भी राज्य करने का मौका तक आप लोग नहीं देंगे। यही अगर आप लोगों की मंशा है, तो देश में लोकतंत्र चलाना दूर रहा, अमन के साथ देश का कारोबार भी क्या आप कर पायेंगे, यह मैं गृह मंत्री जी को कहना चाहता हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि जो गम्भीर समस्या आप लोगों के राजनीतिक चाल और बर्ताव से देश में पैदा हो रही है उस पर गम्भीरता से आप लोग सोचें। आपके लिये इन्ट्रोस्पेक्शन की जरूरत है? आप यह मानने लगे हैं कि इन्दिरा गांधी के चेले हम है, इंदिरा गांधी जो भी कहेंगी और करेंगी उसी को निभाना हमारा फर्ज है और आपके गवर्नर, आपके नियुक्त अधिकारी, आपकी संसद् में बुद्धि को ताक पर रख कर सभी गलत काम कर रहे हैं और संविधान की अवहेलना भी इसमें हो रही है।

इसलिये मेरा कहना यह है कि जो प्रस्ताव मेरे मित्र श्री दिनेश गोस्वामी ने रखा है, उसका कोई जवाब हम नहीं पा रहे हैं। श्री बिपिनपाल दास जी ने रूल की बात की है। आखिर में माइनारिटी का जस्टीफिकेशन कैसे होता है, इन्होंने हमें राजगोपालाचारी, पट्टमथानु पिल्ले, पुराने सारे लोगों की याद दिला कर दे दिया कि माइनारिटी रूल इज आलसों जस्टिफाईड।

मैं पूछना चाहता हूं ... (**व्यवधान**)

**श्री बिपिनपाल दास** : गुलाब बोरबोरा का भी किस्सा बताया था।

**श्री सदाशिव बागाईतकर** : तो ठीक है, मैं वही तो कह रहा हूं। आपने मजारिटी रूल की बात शुरू की (व्यवधान)

**श्री बिपिनपाल दास** : यह होता है। इंग्लैण्ड में भी हुआ है।

**श्री सदाशिव बागाईतकर** : मैं यह बात कह रहा हूं कि जब केशव चन्द्र गोगोई को मिनिस्ट्री बनाने के लिये कहा, क्यों बुलाया गया?

इसका जवाब देते हुए आप लोगों ने कहा कि मजारिटी उसके पास है, गवर्नर ने मान लिया कि गोगोई के पास मजारिटी है, इसलिये मजारिटी की सरकार

[श्री सदाशिव बागाईतकर]

बनाने के लिये गवर्नर ने उसको बुलाया है। उसकी कोई गलती नहीं थी और यह आप लोगो की ही दलील थी। हम आप लोगों से यह जबाव तलब कर रहे हैं कि क्या गवर्नर गवर्नर रहने के लायक है, जो एक महीना पहले समझता है कि इनके पास मजारिटी है और महीने के बाद कहता है कि इनके पास मजारिटी नहीं, किसी के पास मजारिटी नहीं है हाऊस को डिजाल्व करना चाहते है। यानी डिस्कीश्नरी पावर्ज का इस्तेमाल गवर्नर अगर इस तरह से करे, तो गवर्नर और संविधान पर विश्वास रख कर हम क्या काम करते है? यह सवाल इससे उत्पन्न होता है ना। सबजैक्वि सैटिसफैक्शन की बात है क्या? गवर्नर जब कहता है कि मजारिटी है और गवर्नर जब एक महीने के बाद दलील देता है कि चूंकि किसी के पास मजारिटी नहीं है, तो इसलिये हाउस को डिजाल्व करना है। तो यह क्या खाली सबजैक्टिव सैटिसफैक्शन है?

संविधान में धारा 356 और उस वक्त 178 और 188 के सन्दर्भ में आया था, अम्बेदकर का जबाव—आप उसको दुबारा पढ़े (समय की घंटी) मैंने आज उसको पढ़ा है और उसमें मैंने यह पाया है कि इस धारा को संविधान में इसलिये नहीं रखा गया है कि रूलिंग पार्टी की कनवीनिएंस रूलिंग पार्टी की अपनी इच्छाओं या मंशा, रूलिंग पार्टी अपने दावंपेच चलाने के लिये करे, ऐसा कतई नहीं है। संविधान में धारा 356 किसी विशेष रूप में, अपवादात्मक रूप में संविधान की रक्षा करने के लिये इसे रखा गया है।

**DR. RAFIQ ZAKARIA; YoUr tim« is up.**

**SHRI SADASHIV BAGAITKAR: Madam Vice-Chairman is in the Chair, If you had been in the Chair, I would have tuken your ruling.**

आप वहां से बैठे बैठे ही रूलिंग दे रहे हैं। महोदया, इस तरह से देखिये डा0 जकरिया की इस तरह की हरकत को मैं नहीं मानता।

**उपसभाध्यक्ष (डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला)** : आप घंटी को मानिये।

**श्री सदाशिव बागाईतकर** : मैं दलील दे रहा हूं (समय की घंटी) मैं खत्म ही कर रहा हूं। मेरी दलील है कि मेरे मित्रो ने जनतंत्र की लोकतंत्र की बहुत दुहाई दी है। मैं उनको पूछना चाहता हूं कि इस तरह से आप संविधान की रक्षा करेंगे और मैं आपसे और पूछना चाहता हूं कि यह मैमोरेंडम जो असेम्बली के सदस्यों ने दस्तखत करके राष्ट्रपति जी को दिया है, और मैं आपको चैलेंज देना चाहता हूं कि अब विधान सभा को कोई सदस्य राष्ट्रपति को दिये हुए इस दस्तावेज पर जब दस्तखत करता है, तो क्या यह कहते हैं कि इसमें झूठ लगता है और यह राष्ट्र-पति जी को दिया जाता है। हमें तो ताज्जुब इस चीज का है कि संविधान में राष्ट्रपति का जो ओहदा और स्थान है और उस स्थान को रखते हुए जिस चीज की कल्पना नहीं की गई थी, असल में उस चीज की अब जरूरत हो रही है कि जब सेंटर में रूलिंग पार्टी स्टेट्स के अधिकारों का इस तरह से हनन करे (समय की घंटी) तो स्टेट्स के पास कौनसा रास्ता रह जाता है कि सिवाए राष्ट्रपति के पास जायेंगे और जब राष्ट्रपति भी उस पर खामोश बैठें, तो स्टेट्स क्या करें? (समय की घंटी) यह समस्या है। यह मेमोरेंडम दिया हुआ है. . . (व्यवधान)

**श्री बिपिनपाल दास** : यह किस तारीख का है? क्या आपने दस्तखत वैरिफाई किये है?

श्री सदाशिव बागाईतकर : यह 25 नवरी का है । 17 मार्च का मेमो- डम नहीं है। बिपिनपाल दास जी यह 5 जनवरी की इस पर तारीख लिखी ई है और अगर इसमें लिखी हुई ोज झूठ है, तो आप इसका प्रतिवाद रते, आप कहते—लेकिन इसके बारे में ापने एक शब्द भी नहीं कहा है।

इसलिए मेरा कहना है कि केरल के नए भी जो लाजिक आप लोग दे रहे ;, उससे उलटा लाजिक आप असम के लेए दे रहे हैं। यह हमारी समझ में ात आ ही नहीं रही है. . . (व्यव- धान) . . . सुकुल जी, आप बोलें नहीं केरल । केरल पर जब आप बोले थे, बुलंद आपकी वाणी थी, हम सुनते रहे। बड़ी आप दुहाई दे रहे थे माइनरिटी की । आप असम के बारे में क्या करेंगे ? केरल के लिए एक मापदण्ड असम के लिए दूसरा मापदण्ड, यह क्या. . .

THE VICE-CHAIRMAN (DR (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA): Mr. Bagaitkar, will you please conclude now? You h« $v_e$ taken more ;han 10 minutes.

SHRI SADASHIV BAGAITKAR: Within half a minute I am finishing.

गंभीर समस्या की तरफ शेरो-शायरी की तरह से न देखें। हम बहुत दुःखी हैं, हमारे मन में गुस्सा है, गुस्से से ज्यादा अफसोस में हैं, कि हम ऐसे लोग साबित हो रहे हैं कि संविधान की दिन-दहाड़े हत्या करते हैं और उसको रोकने में हम सदन में बैठ कर और सदन के बाहर कुछ करने की स्थिति में नहीं है, इसका हमें अफसोस है और यह जो समस्या है गवर्नर के कंडक्ट की बात है— he deserves impeachment. सदस्यों को समय रहते नहीं बताते, जब कोई मेम्बर जाता है लापता हो जाते हैं, किसी इज्जतदार आदमी के साथ वैसा व्यवहार नहीं करते हैं । इस में मैं चाहूंगा कि आप इन सारे सवालों का जवाब दीजिए। आप की मैजारिटी है आप सारा करा लेते हैं, इस का मलतब यह नहीं है कि सदन में जो करेंगे वही मान्य हो जाएगा । कदम-कदम पर आपको चैलेन्ज बाहर लोग करते रहेंगे । इस लिए मैं उम्मीद करता हूं कि संविधान की हत्या का खिलवाड़ जो आप कर रहे हैं, वह बिना सोचे आप काम कर रहे हैं। मैं यह भी उम्मीद करता हूं, इन मामलों का जवाब सही तरीके से आप करेंगे और हंसी मजाक न बना कर जो गंभीर समस्या है उसका जो आचरण से उप- युक्त समाधान होता है वह जवाब देंगे। इतना कह कर मैं श्री दिनेश गोस्वामी के प्रस्ताव का स्वागत करता हूं ।

THE VIC E-CHAIRMAN (DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA): Mr. Makhan Paul. Please be brief. Don't be like Mr. Baga.itkar, because he took more than ten minutes.

SHRI MAKHAN PAUL (West Bengal): Madam, while supporting the Motion moved by one of our Members, Shri Dinesh Goswami, for revoking the proclamation of President's rule in Assam, T shall not take much of the time of House. I shall not repeat those points which have already been raised by hon. Members on this side of the House. But at the same time, please permit me to discuss at least one point. I shall, therefore, request you to allow me a few minutes for that.

You now, Madam, that the situation in Assam and the problems of Assam are not a single day affair; it is a long-standing affair. The entire North-Eastern region of India, of which Assam is also a constituent, is in a very pitiable condition economically, due to the stepmotherly attitude of the Central Government. Not only today but for a long time, Assam

[Shri Makhan Paul] happens to be in the most precarious state. During the last 35 years of our Independence, no attempt has been made to develop the State economically. No industry—not even agro-based industry—-has been built up in spite of sufficient raw materials being available there. No development has taken place in the agricultural field as well. If this would have been done, the entire inhabitants of Assam would have managed to get at least two square meals a day. But as it was not done, even the original inhabitants of Assam, where the population has already been increasing by leaps and bounds, where education is also spreading, are now finding hard to get any employment. They are not getting sufficient agricultural land as well. So where does the remedy lie? It only lies in the economic development of Assam. A section of the original inhabitants of Assam, without taking this path of compelling the Central Government to develop the State economically and industrially, has taken the path of combing out, in the name of foreign nationals, those whom they once cordially welcomed in Assam. I think, Madam, this section of the original inhabitants of Assam have been misled by the vested interests and also by the foreigners. Perhaps, Madam, I shall not be wrong if I accuse the ruling party of India and the Central Government as partners of this heinous conspiracy. Because I feel that they want to fish in troubled waters.

As you know, Madam, the entire Tndian economy is in a moribund condition. In the north-eastern zone, 73 per cent of the people have been living below the poverty line. Today or tomorrow these people cannot but revolt and make a beginning of a protracted civil war that cannot but be inevitable in India. You know, Madam, the twentieth century capitalists, not only in our country but throughout the world are politically very conscious. They know their fate. So, they have taken the first step to nip that in the bud by taking recourse to President's rule in Assam, pari cularly when the Opposition h gained majority in the Assembly.

I, therefore, support the Motion fi revoking the Proclamation of Pre; dent's rule in Assam and, at the san time, I also warn the Central Goveri ment and the ruling party that th step will not help them, this step wi not save them. If such steps coul have saved then people like Hitle Mussolini, Tojo and Chiang-Kai-She would not have been thrown int these rotten waste paper boxes

SHRI DINESH GOSWAMI Madam, Vice-Chairman, I thank thos> Members who have participated ii the discussion on my Motion ant those who have supported me. M; esteemed friend, Mr. Bipinpal Das while replying to the points raised bj me said that it is not necessary thai there should be an absolute majority for a party to form a Government, and he cited instances of single party Governments.

SHKI BIPINPAL DAS: Not always. When there is nobody who can produce an absolute majority, even single majority parties can be asked.

SHRI DINESH GOSWAMI: That I agree. It is not my case that there must be absolute majority. If there is no absolute majority, a single majority party may be asked. But equally? when he cited examples, he cited examples where a party that had only 12 Members had been asked to form the Government. Therefore, the point is, any single party can be called.

SHRI BIPINPAL DAS: Again you are misleading the House. I said, let alone the question of a single largest party, even a minority party like Pattom Thanu Pillai's party was allowed to form a Government. Then I cited Rajaji's instance and then Charan Singh's.

SHRI DINESH GOSWAMI: I entirely agree. But the point is, which party shall have the support of the other parties which have absolute majority in the House to form a

Government? Th« single party, if it carries other Members to have a majority, well, it v ill be. If a smaller party can carry o her Members, it is there. Therefore, it was not necessary on the part >f the Governor to ask the 43-Membei Congress (I) party because the 43-M< mber Congress (I) party did not have the support of any other Member. Bat the other parties did, in writing, g ;e support to Sarat Chandra Sinha. low *my* friend said about the Charan Singh Ministry.

What happended »ⁿ the case of **the** Charan Singh Ministry? In the case of the Charan Singh Ministry, it is his party—the Congress (I)—which lent support to Charan Singh and, therefore, the I'resident permitted that Governmenl to be formed, but when the Congn ss (I) withdrew its support, that Government tesigned. The same way v hen Sarat Chandra Sinha was assur> d support by other Members numbeiing a total of 63, he ought to have teen given an opportunity to form a Government. My friend said, the Janata Party did not. He said, they w.U not enter into the Government, *i* ;,. e with me a letter of the Janata Pirty dated November 16th where they have said they are joining the Government of Assam, and the first si natory is Mr. Golap Barbora.

SHRI BIPINP \L DAS: Have they given it in writing?

SHRI DINESH GOSWAMI: Where is the writing? There is no writing. I challenge the hon. Member. There is no writing whatsoever. In fact, the letter reads

> "We, the leaders of the Legislature Parties and representatives of the following Left Front Democratic parties have decided to form a popular, si able Government in Assam on the ten-point programme."

It is a canarci to say that the Janata Party said—"We are not going to form a Goverrment."

Then *my* friend Mr. Handique said that the Governor wanted that the Members should remain present and show. In fact, the facts are otherwise. The facts are that the left Alliance tried to meet the Governor on the 12th of January, but the Governor refused. And here is the letter of the Governor:

> "This has reference to your letter dated 12-1-82 received at the Raj Bhavan at 8.40 p.m. today. Your request that I should see you before 11 a.m. tomorrow, and suggestion that in the event of my being unable to do so you will be meeting me at 11.30 a.m. without any appointment, are strange. I would therefore request you to desist from calling on me without any prior appointment as I have other pressing engagements."

And, in fact, on January 13, again in the afternoon of January 13, Mr. Sarat Chandra Sinha and other members of the Alliance tried to see the Governor. What I point out is that I have no love lost or choice between the Government and the Opposition. What I am pointing out is that in Kerala if you can permit a Government simply because there is a majority by one defection, why did you not permit the Opposition parties to form the Government there and test its strength? I have said that by your experience in Kerala you have made the impartiality of the Speaker a casualty and by your experience of Assam you have made the objectivity of the Governor suspect, which are dangerous trends in the Indian democracy. And that is why I have given my Resolution of disapproval.

Thank you, Madam.

**ज्ञानी जैल सिंह** : श्रीमती उपसभापति जी . . . (**व्यवधान**) मैडम की हिन्दी कोई और बनती हो बना लें।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA): Thank God, you did not say: *Sabhapatniji.* Good that you did not say that.

**ज्ञानी जैल सिंह** : मैं आप की फराखदिली की प्रशंसा करता हूं और मेम्बरों को बोलने का मौका दिया, हालांकि राज्य सभा को बहुत उसूल से काम करना चाहिये, कायदे से करना चाहिये ।

**श्री हरे कृष्ण मल्लिक** : लेकिन क्या फायदा ?

**उपसभाध्यक्ष (डा. (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला)** : अब डिस्टर्ब मत करिए

**ज्ञानी जैल सिंह** : फायदा यह है कि 5 बजे से ले कर 6 बजे तक बैठे और अब 7 बजने वाले हैं, राज्य सभा बैठी हुई है, ऐसे इशू पर बैठी हुई है जिस का नतीजा सब को मालूम है । फिर अन्याय हमारे साथ यह है कि इधर के लोगों को बोलने से मना कर दिया और उधर के सब लोग बुला दिये । मुझे इस बात पर कोई नाराजी नहीं है । मैं आप की फराखदिली की प्रशंसा करता हूं ।

आज गोस्वामी गणेशदत्त जी (**व्यवधान**) . . . यह तो स्लिप आफ टंग है । मतलब मेरा इन्हीं से है । देश में गणेशदत्त जी भी हुए थे, दिनेश जी अच्छी तरह जनाते हैं । उन्हों ने जो मत रखा है, प्रस्ताव किया है वह मैं समझता हूं कि अन्यथा है, यानी उस की जरूरत नहीं थी । मगर उन्होंने एक रोल प्ले किया, बहुत अच्छी तकरार की । उस तकरीर में जो पोइन्ट्स आये वह वही हैं जो किसी भी जगह प्रेसिडेंट्स रूल हो तो विरोधी लोग रखते हैं । उस में कोई नयी बात नहीं है । फर्क इतना है कि असाम में समस्या कुछ उलझी हुई है । दूसरे यह है कि अपनी बात उन्होंने अच्छी लेंग्वेज में पुट की है । उसके बाद विपिनपाल दास जी ने आज असाम के तीन मेम्बर बोले हैं—अपनी बात बतायी । उस में उन का सारा आंसर आ गया । अब गोस्वामी दिनेश जी ने कुछ पत्रों का जिक्र किया है कि गवर्नर के पास कुछ पत्र गये और वह उन लोगों से मिले नहीं या मिलने से इन्कार कर दिया । ऐसी बात हमारे नोटिस में नहीं आयी है । और अगर स्वामी जी चाहेंगे तो मैं उन पत्रों को देख लूंगा ।

SHRI DINESH GOSWAMI: I am on a point of order. There were three Dineshes—Mr. Dinesh Singh, Mr. Swami Dinesh Chandra and Dinesh Goswami. The other two, Mr. Dinesh Singh and Mr. Swami Dinesh Chandra are out, and Gianiji wants to drive me out too, Gianiji does not want me to be here.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. VEN-KATASUBBAIAH): Is 'Swami' not there in 'Goswami'?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA): By calling you Swami, he does not want to drive you out.

SHRI NARASINGHA PRASAD NANDA (Orissa): From Goswami to Swami is a promotion or a demotion? *(Interruptions)*

**ज्ञानी जैल सिंह** : श्रीमती जी, मेरा कसूर नहीं है । यह जो छपा है आज के कार्यक्रम में तो उस में पहला नाम श्री दिनेश गोस्वामी जी का है ।

**श्री दिनेश गोस्वामी** : तो स्वामी मत कर दीजिए ।

PROF. SOURENDRA BHATTACHARJEE (West Bengal): If you call him 'Swami', you will have a problem in your family.

**ज्ञानी जैल सिंह** : यह तो राज्य सभा वाली बात है । तो उन के पत्रों की बात मैंने कह दी ।

उन्होंने कहा कि विपिनपाल दास जी ने कहा कि माइनारिटी की गवर्नमेंट हो सकती है। बारह मेम्बर हो सकते हैं, लेकिन गोस्वामी जी मेरे से ज्यादा जानते हैं । जहां एक पार्टी की मेजारिटीज नहीं है और उस हाउस में सिंगिल लार्जेस्ट पार्टी कोई हो तो उस को मौका दिया जाता है । तो जो गवर्नमेंट वहां फार्म हुई उस समय तो सिंगिल लार्जेस्ट पार्टी कांग्रेस की थी और दूसरी बात जो उन्होंने कही कि अनवरा की गवर्नमेंट भी माइनारिटी में थी तो यह बिलकुल बेबुनियाद बात है। अनवरा बेगम की गवर्नमेंट ने असेम्बली का सेशन किया । उसमें बजट आया, नोकांफीडेंस हुआ है, उस में बजट की डिमांड्स आयीं और वह पास हो गयीं । सिर्फ एप्रोप्रियेशन बिल के ऊपर कुछ झगड़ा हुआ और उस झगड़े में स्पीकर ने हाउस को एडजर्न कर दिया और हाउस एडर्जन किया 31 को । तो कोई चारा नहीं रह जाता था सिवाय इस के कि प्रेसिडेंट उस बजट को पास करे और आगे की कार्यवाही चलाये । कांस्टीट्यूशन में जो लिखा है हम तो वही करते हैं । कोई दूसरी बात नहीं करते हैं। अब रह गयी यह बात कि यह गवर्नमेंट माइनारिटी में थी । तो मैं आप को बता देना चाहता हूं कि माइनारिटी की गवर्नमेंट को तोड़ दिया और प्रेसीडेंट रूल ले आये । आप मुझे उल्टे यह कह रहे हैं कि आप ने प्रेसीडेंट रूल क्यों किया और फिर यह भी कह रहे हैं कि असेम्बली को क्यों भंग किया । चुनाव जल्दी आ जायेंगे क्या करें । मैं समझता हूं कि आम आदमी को काम धीरे से करना चाहिये, लेकिन जरूरत से ज्यादा धीरे करेंगे तो भी अच्छा नहीं होगा । असेम्बली की मियाद अगले साल के मार्च के अंत में खत्म हो जाती थी और प्रेसीडेंट रूल जो है यह भी ज्यादा से ज्यादा एक साल ही चल सकता है । तो हर हालत में 1983 के मार्च के अन्त तक वहां के इलेक्शन करवाने होंगे । तो यह बुरी बात नहीं है कि टाइम बाउन्ड प्रोग्राम के साथ हम चलें । मैं आशा करता हूं कि आसाम की जो टाक्स हो रही हैं, कंबाइन्ड टाक्स उस में अपोजीशन के नेता भी हैं और एजीटेशन के नेता भी हैं। वह उस की तारीख बदल कर 7 तारीख रख रहे हैं । अब हमारे सामने और सब के सामने यह बात आयेगी कि यह फैसला अभी करना चाहिये ताकि डिडेक्शन हो जायें, वोटर लिस्ट की तैयारी हो जाय और सारी तैयारी जो इलेक्शन कमीशन चाहता है वह एडमिनिस्ट्रेशन कर दे ताकि वहां इलेक्शन जल्दी से

**7 PM** हो जायें। हमारी यह हद कोशिश है कि इस समस्या का हल निकल आए और यकीनन हम तब से लगे हैं जिस वक्त से यह समस्या हमारे सामने आई है। इस हाउस में दो बार हम कह चुके हैं कि यह जो फारनर्स की समस्या है, यह पार्टी की नहीं है, यह इशू नेशनल है और यह केवल सरकार और एजीटेटर्स के साथ नहीं है। सब का साथ लेकर इसका फैसला करना चाहिये । हमारी कोशिश तो यह है कि एक्सेप्टेबल टू आल हो और अगर एक्सेप्टेबल टू आल न हो तो मैक्जीमम लोगों को इस फैसले से तसल्ली दी जा सके । इस कोशिश

[ज्ञानी जैल सिंह]

में हमने सन् 1980 से लेकर अब तक कई मिटिंगें की हैं ताकि बातचीत टूटने न पाए ताकि कोई रास्ता निकल सके और इसके लिए गोस्वामी जी माने या नहीं माने, मेरा ख्याल है कि वे मानेंगे, प्राइवेट में भी मैं उनसे बात कर लेता हूं, आदमी बहुत अच्छे हैं, शानदार हैं, ब्यूटीफुल हैं, बहादुर हैं ... **(व्यवधान)**। आपका कहना यह है कि हैण्डसम कहना चाहिये था। ब्यूटीफुल तो मैडम वाइस चेयरमैन साहिबा के लिए कहा जाता है **(व्यवधान)**। मैंने यह कभी नहीं कहा कि मुझे इंगलिश भाषा आती है। लेकिन सुनता हूं तो कह देता हूं। मैं चाहता तो वह भी कह सकता था। मैंने यह इसलिए कहा कि अंग्रेजी वालों को अच्छी लगे। मैं यह भी कह सकता था कि वे बड़े बहादुर हैं, बड़े भले आदमी हैं, बहुत खूबसूरत हैं। लेकिन मैंने यह नहीं कहा। उनकी भाषा में कहा ताकि उनको पसन्द आए।

हमारे खिलाफ जो इल्जाम लगाये गये हैं उनको मैं जरा समरी में कह देता हूं। मैं सब का नाम लेना नहीं चाहता। जो कुछ उन्होंने कहा है वह यह है कि हम संविधान को तबाह कर रहे हैं। आसाम का मसला पार्टी का नहीं है। गवर्नर के पद को हमने नीचे कर दिया है। वोटरों को तसल्ली नहीं कराई है।

***श्री हरेकृष्ण मल्लिक*** : राज्य सभा का चुनाव भी नहीं कराया है।

**ज्ञानी जैल सिंह** : यह भी कहा गया कि माइनारिटीज को हम तवज्जह नहीं देते हैं। आप उनकी बात नहीं करते हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि माइनोरिटीज की बात सुनी जानी चाहिए। हम तो सरकार चलाते हैं इसलिए माइनारिटीज की बात सुनते हैं। माइनोरिटीज की बात सुनना रूलिंग पार्टी का काम है। यह भी कहा गया कि आर्थिक दृष्टि से आसाम की उन्नति करने के लिए कुछ नहीं किया गया, वगैरह-वगैरह। ये इल्जाम हमारे ऊपर लगाये गये हैं। पहली बात तो यह है कि हमने भारत के संविधान की कसम खाई है। उस पर हमारा पूरा विश्वास है और संविधान के अन्तर्गत हम जो चीजें कर सकते हैं वह कर रहे हैं और जब संविधान के अन्तर्गत कोई काम करते हैं तो फिर उसको डिक्टेटरशिप कहा जाता है, यह हमारे साथ अन्याय है। कोई भी ऐसा विधान नहीं है, जिसको हमने तोड़ा हो या जिसका हमने उल्लंघन किया हो। इसके साथ-साथ यह भी जरूरी है कि हम जनता की तसल्ली के लिए डेमोक्रेसी के महान् उसूलों को कायम रखते हुए डेमोक्रेसी को बदनाम न होने दें। आज कहा जाता है कि डेमोक्रेसी बड़ी बदनाम हो रही है। हमारे आनरेबल मैम्बर साहिबों ने कहा कि आपकी पार्टी तो छोटी थी, वह बड़ी कैसे बन गई। यह आप सोच लें कि किस-किस पार्टी के लोग उसमें आ गये और आकर चले भी जाते हैं। तो आते वक्त भी उन्होंने गलती की और जाते वक्त भी गलती की। न आते तो सरकार नहीं बनती। आ गये तो सरकार बन गई, चले गये तो सरकार टूट गई और दोष हमको देते हैं। यह हमारा कोई दोष नहीं। यह भी कहा कि वहां घोड़ों का व्यापार हो रहा है हार्स ट्रेडिंग, घोड़ों का ही व्यापार होता है। यह अंग्रेजी भाषा जो है उल्टी

बात करती है । जब अंकल कहते हैं तो कौन सा अंकल । हमारा मौसा लगता है, चाचा लगता है, ताया लगता है, मामा लगता है, क्या लगता है । जब कहते हैं कि She is my sister-in-law । तो क्या लगती है, साली लगती है, भाभी लगती है। कई बातें होती हैं आप मेहरबानी करके हमारे भारत के जो हैं चाचा, ताया, पिता, माता ये नाम ले लिया करें । यह भी पसन्द नहीं करते । यहां सुना दो-तीन स्पीकरों को कि हार्स ट्रेडिंग हो रही है और हुक्मरान पार्टी हार्स ट्रेडिंग कर रही है । ये डिफेक्शन कराते हैं .... (व्यवधान) .. यह गवर्नर की रिपोर्ट में है। ठीक तो है । आपने कहा, बड़ी अच्छी याद दिलाई । गवर्नर भी यही बात कहता है। आपने ठीक कहा है । अब देखिये, आप यह भी नहीं चाहते हैं कि घोड़ों का व्यापार हो और मेरी नजर में एम०एल०ए० को घोड़ा नहीं कहना चाहिए। दे आर रिप्रेजेन्टेटिव आफ पीपुल्स । उनकी हम रेस्पैक्ट करते हैं, वे लोग भी जनता के नुमाइन्दें हैं । आपकी भी हम रेस्पैक्ट करते हैं । जब चरण सिंह की सरकार बनी तो उस वक्त भी यही बोला था कि हार्स ट्रेडिंग शुरू हो गया और फिर उनकी सरकार चल नहीं सकी । वह बहुत शरीफ आदमी थे, हाउस के सामने आये ही नहीं । लेकिन राष्ट्रपति जी का फैसला भी दुरुस्त था, कोई और चारा नहीं था । उस माइनारिटी गवर्नमेन्ट को अंतरिम गवर्नमेन्ट बना दिया । आप हमारी श्लाघा क्यों नहीं करते ? अगर हम उसूल इस्तेमाल करते, असेम्बली भंग करते और अंतरिम गवर्नमेन्ट रख लेते तो अपनी पार्टी, दोनों प्रान्तों में हमारी कांग्रेस (आई) की सरकार थी । तोड़ने में हमने कोई गुरेज नहीं किया । फिर स्पीकर की बात ही गोस्वामी जी लाये । केरल के स्पीकर की बात पहले हो चुकी थी, जब आप चेयर पर थे । मेरा ख्याल है कि उस वक्त आपको मौका नहीं मिला । एक बात स्पीकर की कहना चाहता हूं । स्पीकर, चेयरमैन का पद भी बहुत ऊंचे दर्जे का होता है । उनको क्रिटिसाइज करते हुए ध्यान रखना चाहिए । स्पीकर ने कब वोट दिया, उस वक्त, जब सब वोटें हो गई और उनकी वोट से उन्हें फैसला करना था, कास्टिंग वोट पर। जो स्पीकर कंसट्रक्टिव होगा वह सब मेम्बरों के साथ एक जैसा बर्ताव करेगा और जब कभी सरकार की इन-स्टेबिलिटी की बात हो तो वह सरकार के पक्ष में वोट देगा । उसने इस महान वसूल को कायम रखा । अगर उससे, स्पीकर से सरकार गिरती है तो स्पीकर सरकार को नहीं गिरने देगा और गिराना है तो मेजोरिटी बनाइये और सरकार गिरा दो । स्पीकर को हमने मजबूर नहीं किया, न खुद मजबूर हुआ । उन्होंने कोई गलती नहीं की और स्पीकर ऐसा आदमी है कि उसने स्पीकर शिप छोड़ दी और अपने वोट का हक नहीं छोड़ा । यह मेरा ख्याल है कि सोच-समझकर इल्जाम लगायें और न करें तो आपकी बड़ी मेहरबानी ।

राजू जी भी अच्छे ढंग से बोल कर गये । उनकी यह बात सच है कि मैं उनका दोस्त था, सियासी तौर पर हम इकट्ठे रहे जो बातें वे कर गये हैं वे बेबुनियाद हैं और उनका कोई ताल्लुक नहीं है।

**श्री कल्पनाथ राय** : राजू जी, नहीं ।

**ज्ञानी जैल सिंह** : हां, राजू जी नहीं तो कल्पनाथ राय । मैंने राजू जी की सारी बातों को नोट किया है (**व्यवधान**) मगर मुझे ख्याल है आपका दिल भी नहीं चाहता क्या लेना है.....

**श्री जे० के० जैन** (मध्य प्रदेश) : वह तो चले गये ।

**ज्ञानी जैल सिंह** : वे ऐसी एडवाइस कर गये हैं, यहां से जाने की और आने

[ज्ञानी जैल सिंह]

की बात नहीं। यह हो तो फिर मैं बोलूं ही नहीं। मैं इसलिये बोलता हूं कि रिकार्ड में रहे जो आपकी बातें गलत थीं, अदरवाइज कोई जरूरत नहीं है बोलने की। आपको भी तसल्ली हो कि आपने कुछ कहा है।

गोस्वामी जी मुझे यह भी आशा है कि वे लोक सभा की तरह वोट नहीं करायेंगे। चूंकि वे जानते हैं कि इसकी जरूरत क्या है। जो गति होनी है वह तो होनी है। एक बात हम को एक मेम्बर साहब ने कही कि विरोधी दलों की तसल्ली करवाइये। हम विरोधी दलों की तसल्ली कराने के लिए सब कुछ करते हैं। लेकिन अगर हर हालत में किसी को सेटिसफेक्शन हो ही नहीं तो क्या हम इसी काम में ही लगे रहें। हमने तो कोशिश की है कि विरोधी दलों की तसल्ली करवाएं और आप यह भी जानते हैं कि हमारे देश की पार्लियामेंट सात महीने चलती है और सात महीने में 750 हमारे आनरेबल मैम्बर क्वेश्चन करते रहते हैं, पूछते रहते हैं और हमारी सारी मशीनरी उसका जवाब देने के लिए तैयार बैठी रहती है, हमारे दिमाग पर यह बातें रहती हैं। ऐसे समय में सरकार को पांच महीने मुश्किल से मिलते हैं खामोशी से बात करने के लिए। मैं विरोधी दलों के नेताओं से कहूंगा कि यह कुदरत की बात है कि जो विरोधी हैं वे डेमोक्रेसी का श्रृंगार है, अलंकार हैं। उसकी रेसपेक्ट से बात को सुनना हमारे भले के लिए है और एबसोल्यूटली जो पावर होती है उसमें आदमी अहंकार में आ जाता है और हम अहंकारना नहीं चाहते न ही हकूमत का नशा आने देना चाहते हैं। विरोधी दलों के लोग जब बोलते हैं तो नशा खुद-ब-खुद उतर जाता है। इतना ही काफी आपके लिए हैं, खुला टाइम मिलता है जो आप कहते हैं उसको हम सत्कार से सुनते हैं, मगर मैं यह यकीन दिलाता हूं कि हमारी मेक्सीमम कोशिश होती है कि विरोधी दलों की तरफ से जो अच्छे सुझाव आते हैं उनको परवान किया जाए। और जो कुछ बात वह नोटिस में लाए, हमारे नोटिस में नहीं है हम इस हाउस के बाहर जा कर भी उनका ध्यान करें, विचार करें वह लोगों के हित में हो सकती है। जो आसाम की समस्या है फारेनर की यह कौम की समूची समस्या है इसका हल हम निकाल रहे हैं। क्या कर रहे हैं, वे एजीटेशन क्यों नहीं बन्द करते हैं इसकी मैं चर्चा नहीं करता क्योंकि आप भी मेरे से इत्तिफाक करेंगे, विरोधी दलों के नेताओं को भी पता है, हम को भी पता है उसमें एजीटेटर भी आएंगे और दूसरी पार्टियां हैं दो पार्टियों के इलावा उनकी हमने बात सुनी, उनके मेमोरेंडम भी लिये। जब यह अपनी कम्बाइन मीटिंग हो रही थी उसमें हमने उनको बुलाया। मैं चाहता हूं कि यह मामला एमीकेबली सेटल हो जाए। इसलिए मैं भरोसे से कहता हूं कि विरोधी दलों के नेता भी यही चाहते हैं। वे चाहते हैं कि यह मामला सेटल हो जाए किसी तरीके से। कभी-कभी ऐसा जरूर होता है कि विरोधी दलों के मन में आ जाता है कि अच्छा है इनके गले कोई न कोई बला पड़ी रहे। मैं इस बात में यकीन नहीं करता हूं पार्टिकुलरली आसाम के मामले में मुझे पूरी आशा है कि इस मामले को सुलझाने के लिए वे भी पूरी कोशिश कर रहे हैं और आइंदा भी करेंगे। इसलिए मैं उस बात की चर्चा नहीं करूंगा मगर आसाम की आर्थिक उन्नति के लिए सरकार की तरफ से क्या कुछ हो रहा है, वह डिटेल में आपको जब आसाम का बजट आएगा तो वे बता देंगे। कोई मेम्बर सवाल कर दे नहीं तो मैं मुकर्जी साहब से कह दूंगा कि वे आपको बता दें। मगर जहां तक

आसाम की आर्थिक दशा का सवाल है, वह दुरुस्त करने के लिए यह सरकार की नीति है कि हम दूसरे प्रान्त से कभी-कभी नहीं रखते बल्कि नादर्न में जो स्टेट्स हैं उससे ज्यादा उनको सेंट्रल असिस्टेंस देते हैं। हमारे एक मैम्बर साहब ने कहा था जो आसाम के पहले बुनियादी हैं उनको देख कर उनके जजबात को देख कर हमने उनका ध्यान रखा है। मैंने पहले भी विश्वास दिलाया था आज भी कह रहा हूं कि आसाम के रहने वाले जो पहले लोग हैं उनकी भाषा, वे आफ लाइफ को, कल्चर को उनकी जो दूसरी रवायत होंगी उनकी एंटिटी को हर हालत में कायम ही नहीं रखा जाएगा बल्कि आनरेबल स्थान दिया जाएगा। और जो भाषाएं छोटी-छोटी हैं, जो हमारे कांस्टीट्यूशन की लिस्ट में नहीं हैं, शैड्यूल लिस्ट में जो 15 भाषाएं हैं उनके इलाबा छोटे-छोटे कबीलों की हैं उनको भी हम जिन्दा रखने के लिए उपाय करना अपना फर्ज समझते हैं, उनको भी करते हैं। जो भी इस मामले में हिन्दुस्तान के किसी भी इलाके में हो, लेकिन चूंकि आज तो सिर्फ आसाम की बात चली है, हम आसाम के लोगों पर किसी तरीके से किसी को मलबा डालने के लिए इजाजत नहीं है। पोलिटिकल सत्ता रहे उनके पास यह भी निहायत जरूरी है और सारे साधनों को इस्तेमाल करते हुए हमारी यह जो बहुत उलझन वाली समस्या है उसमें हम चाहते हैं कि वे एजीटेशन का रास्ता छोड़ें, चूंकि इससे दो नुकसान होंगे। आर्थिक तौर पर भी तबाही होती है, सड़कों का काम, दूसरे प्रोजेक्टों का काम नहीं चल सकता, जब रेलगाड़ी बन्द करनी हो, जब बसेज बंद करनी हों, दफ्तर बंद करने हों और बम चलें, लोगों को मारा जाय, आपको मालूम है, श्रीमती जी, कि वहां पर कितने बम चले और बड़े-बड़े आफिसर कत्ल कर दिये गये, यह रास्ता अच्छा नहीं है। मैं पार्टीकूलरली उनका नाम नहीं लेता, लेकिन मैं यह जरूर कहूंगा कि जब एजीटेशन हो, बदअम्नी हो तो जो मिसक्रीएंट एलीमेंट्स हैं वे घुस जाते हैं और उसका नाजायज फायदा उठा लेते हैं। एजीटेशन के लोगों का इरादा न भी हो तब भी ऐसी बातें कभी कभी हो जाती हैं। इसलिए मैं कहता हूं कि जब टेबुल पर बैठ कर, तमाम हिन्दुस्तान के नुमाइंदे, हम बैठ कर बातचीत कर रहे हैं तो काहे को वहां एजीटेशन की जरूरत है। अब मेरे दोस्त, गोस्वामी जी मेरे साथ इत्तिफाक नहीं करेंगे, यह नहीं कहेंगे कि एजीटेशन बंद करें। मैं अब चाहता हूं कि अब कह दीजिए। पहले नहीं कह सके तो कोई बात नहीं। क्योंकि अब इसलिए कहना चाहिए कि अब बहुत नाजुक समय आ गया है। अगर यह समस्या हल नहीं हुई, एक साल पूरा हो गया तो कौन सा रास्ता होगा, फिर एक कांस्टीट्यूशन क्राईसिस पैदा हो जायेगा। आपके जैसे वुकला साहिबान को फिर मौका लग जायेगा आर्टीकल लिखने का और हमको व्याख्यान करके देने का। इस मामले में आपकी सहायता, खास तौर पर जो मेम्बर साहिबान हैं, उनको करनी चाहिए। हम नहीं चाहते कि आसाम के नुमाइंदे सारे के सारे यहां न बैठें। अब

[ज्ञानी जैल सिंह]

रह गयी बात कि राज्य सभा का इलेक्शन आ रहा था और उस मौके पर असेम्बली डिसाल्व हो गयी । दुःख तो मुझे भी है कि जो बनने वाले थे उनका काम भी साथ ही डिसाल्व हो गया । लेकिन अब जरा न्याय की बात सोचें, इन्साफ क्या है ? इन्साफ यह है कि जब यह पता है कि ये लोग नहीं रहेंगे तो उनके वोट से बन कर फायदा क्या है । वे तो चलने वाले थे। कांस्टीट्यूशनली कोई रुकावट नहीं कि राज्य सभा की तारीख मुकर्रर हो गयी है तो उसके बाद कोई असेम्बली डिजाल्व नहीं हो सकती । वह भी हमने संविधान के अनुसार किया है, हम आगे पीछे उसमें नहीं गये हैं। मेरी एक प्रार्थना जरूर है हमारे दोस्तों से, विरोधियों से कि बहुत बार मैंने अधीनगी से उनको कहा है लेकिन हमको यह कहे बगैर नहीं रहते कि आप डिक्टेटराना तरीके से काम करते हैं । अब मैं तो समझ नहीं पाया कि कौन सा काम है जो हमने डिक्टेटराना तरीके से किया हो । आज हमारे एक मेम्बर ने कहा कि इमरजेंसी के ढंग से काम कर रहे हैं और इमरजेंसी आपको ले डूबेगी । इमरजेंसी आई, चली गयी, अब आ नहीं रही, अब उसकी चर्चा करने का क्या फायदा । हमें सत जानो तो इमरजेंसी की वजह से वोट कम नहीं मिले थे, कुछ और बातें थीं, बल्कि इमरजेंसी की वजह से दूसरे चुनाव में ज्यादा वोट मिले । हमारा यह निशान नहीं है कि जनता की आवाज को बंद कर दिया जाए, प्रेस की आवाज को बंद कर दिया जाय, विरोधियों की बात न सुनी जाय। लेकिन हमारा निशाना तो सिर्फ यह है कि शासन चलाने के लिए अनुशासन रखना निहायत जरूरी है और सत्ता के बल से किसी को दबाना हम नहीं चाहते और सत्ता की बजाय सत को ज्यादा ऊंचा समझते हैं । जहां सत नहीं वहां सत्ता कुछ नहीं कर सकती और मैं विरोधियों को कहूंगा कि पहले अपने आपको सोचिए, विचारिये, जब तक आपको इस बात का ख्याल नहीं आता कि जनता आपकी आवाज सुनना चाहती है या नहीं सुनना चाहती, जब नहीं वह सुनती, आज हमारी सुनती है तो फिर नाराजगी क्या करनी है। इसको भले ही मान लेना चाहिए। बहुत बार अपने दोस्तों ने कहा, लेकिन क्या करें । महोदया,—

"नजर आते हैं हर इकरार में इंकार के पहलू"

हमारे विरोधियों को देख कर के मुझे याद आया—

"नजर आते हैं हर इकरा में इंकरार के पहलू,
मोहब्बत इस जमाने में सियासत होती जाती है।"

मेरा ख्याल है कि यहीं समाप्त करो और यह प्रार्थना करूंगा कि जिन्होंने प्रस्ताव पेश किया है कि रिवोक किया जाए, उनसे मैं यह कहूंगा कि रिवोक करने से नतीजा कुछ नहीं निकलेगा । अब वहां की स्थिति बहुत उलझी हुई है । रिवोक से असेम्बली बहाल नहीं हो सकती। रिवोक करने से कुछ नहीं हो सकता तो फिर इस भावी के करिश्मे को खुशी से परवान कर लेना चाहिए । और जो मैंने प्रस्ताव रखा है, उसको परवान करें

THE VICE-CI .AIRMAN (DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA): First, I shall put the motion moved by Shri Dinesh G< wami to vote.

The question is:

"That this Hoise recommends to the President that the Proclamation issued by the President on the 1st March, 1982, vr-der article 356 of the Constitution in relation to the State ol Assam, be revoked."

*The motion* w«. *negatived.*

THE VICE-CHAIRMAN (DR. (SHRIMATI) N/JMA HEPTULLA): I shall now put t te Statutory Resolution to vote.

The "question is:

'That this House approves the Proclamation issued by the President on the 19th March, 1982, under article 356 of the Constitution, in relation to the State of Assam."

The *motion was* adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA): The House stands adjourned till 11.00 o'clock tomorrow.

The House then adjourned at twenty-two minutes past seven of the clock till eleven of the clock on Tuesday, the 30th March. 1982.